» न्यूज कैप्सूल »

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 9 जून को गाडरवारा आयेंगे

**नरसिंहपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार 9 जून को जिले के गाडरवारा आयेंगे और स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव यहां सोमवार 9 जून को प्रात- 11.40 बजे हैलीकॉप्टर द्वारा स्टेट हैंगर भोपाल से प्रस्थान करेंगे। और दोपहर 12.20 बजे जिले के गाडरवारा में बनाये गये हैलीपेड आयेंगे। वे यहां स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। तदुपरांत मुख्यमंत्री डॉ. यादव दोपहर 2.15 बजे हैलीपेड गाडरवारा से शहडोल जिले के लिए प्रस्थान करेंगे।

## घर में सेंध लगाकर गहने चोरी

**ग्वालियर।** महाराजपुरा थाना क्षेत्र के दीक्षित का पुरा में बीती रात खाना खाकर अपने कमरे में रो रहे एक ठेकेदार के घर में सेंध लगाकर चोर करीब तीन लाख रुपए के करीब का माल समेट ले गए है।। घटना का पता सुबह चाला जब पड़ोसियों ने उनकी दीवार में छेद देख तो उनको सूचना दी। सूचना मिलते ही यह वापस आए और पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार महाराजपुरा थाना क्षेत्र के दीक्षित का पुरा निवासी विक्रम जाटव पुत्र चौसोलाल जाटव ठेकेदार है और मकान बनाने का ठेका लेता है। बीते रोज वह पुरानी छावनी में बन रहे मकान पर परिवार के साथ आया था और वहीं पर रुक गया। सुबह करीब साढ़े पांच बजे उसके भाई जगदीश व पड़ोसियों का उनके पास कॉल आया कि उनके घर की दीवार टूटी पड़ी है। इसका पता चलते ही वह वापस आए और ताला सोल कर देखा तो पता चला कि अंदर रामान बिखरा पड़ा था। मामाद समझ में आते ही पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया है। चोर घर से एक किलो वजनी चांदी के कड़े आधा किलो वजनी करधोनी और ढाई सौ ग्राम वजनी पायजेब के साथ ही एक जोड़ी सोने की झुमकी ले गई।

## पूर्व पार्षद के बेटे की नदी में डूबने से मौत

**ग्वालियर।** जिले भितरवार में पूर्व पार्षद दिनेश भटेले के बेटे आयुष (15) की पार्वती नदी में डूबने से मौत हो गई। आयुष शनिवार दोपहर 12 बजे से लापता था। उनका परिवार वार्ड क्रमांक 8 में रहता है। शनिवार को भितरवार में एक शादी समारोह था। परिजनों ने सोचा कि आयुष वहीं गया होगा। शाम 5 बजे तक जब वह नहीं लौटा, तो रिश्तेदारों और दोस्तों के यहां तलाश की गई। कहीं पता न चलने पर पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर खोजबीन की। आयुष की आखिरी लोकेशन पार्वती नदी के दिया दाह घाट पर मिली। सुबह में तलाशी के दौरान घाट पर उसके कपड़े मिले। रविवार सुबह लगभग 11 बजे एक व्यक्ति ने नदी में शव देखा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मृतक का शव पीएम के बाद परिजनों को सौंप मर्ग कायम कर लिया है।

## जीआर मेडीकल कालेज के छात्र रहे डा. तरूण शर्मा यूके पार्लियामेंट में होंगे सम्मानित

**ग्वालियर।** गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय के छात्र रहे देश के प्रसिद्ध न्यूरो एवं स्पाईन सर्जन डा. तरूण शर्मा को यूके पार्लियामेंट के उच्च सदन हाउस आफ लार्डस में 16 जून को होने वाले समारोह में सम्मानित किया जायेगा। यूके पार्लियामेंट में होने वाले इस समारोह में विकसित भारत 2047 पर भारत के उज्जवल भविष्य को लेकर किस प्रकार भारत का बुद्धिजीवी वर्ग विकास को गति प्रदान कर सकता है विषय को लेकर होने वाली चर्चा में अपने विचार प्रकट करेंगे। यह कार्यक्रम यूनाईटेड किंगडम और भारत की संयुक्त ज्यूडिसिरिज के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। ग्वालियर के गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय के छात्र रहे डा. शर्मा को लंदन में सम्मानित किये जाने की खबर मिलने के बाद गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय के शिक्षकों और चिकित्सकों के साथ ही चिकित्सा छात्रों में खुशी की लहर दौ? गई। गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय से वर्ष 2000 में एमबीबीएस की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद डा. शर्मा ने एमएस जनरल सर्जरी की शिक्षा एसएस मेडीकल कालेज रीवा से 2004 में प्राप्त की। एमएस सर्जरी रीवा से करने के बाद इन्होंने पीजीआई चंडीग? से एमसीएच न्यूरो सर्जरी की उपाधि 2008 में प्राप्त की थी। इसके साथ ही उन्होंने कनाडा की यूनिवर्सिटी आफ टोरंटो से फैलोशिप इन क्लिनिकल न्यूरो आनकोलोजी की और कनाडा से ही बच्चों की न्यूरो सर्जरी की फैलोशिप प्राप्त की।

# इंडियन एमेच्योर बॉक्सिंग फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र जी का सतना नगर आगमन सोमवार को:अजय मिश्रा

### रेलवे स्टेशन में खिलाड़ियों व खेल संघों के द्वारा होगा भव्य स्वागत -राजीव व्यास

**सतना।** अजय मिश्र (सचिव) (सतना कार्पोरेशन एथलेटिक्स एसोसिएशन) एवं राजीव व्यास(पूर्व क्रीड़ा अधिकारी) ने जारी संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि सतना नगर व विन्ध्य क्षेत्र के लिए बड़े ही गौरव की बात है कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र जी दिल्ली में इंडियन एमेच्योर बॉक्सिंग फेडरेशन के निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राकेश मिश्र जी निर्वाचित होने के उपरांत सतना जिले में 09 जून (सोमवार) समय, प्रात: 09-50 बजे आनंद विहार-रीवा सुपरफास्ट एक्सप्रेस से हो रहा है।

### रेलवे स्टेशन में खिलाड़ियों एवं खेल संघों के द्वारा होगा भव्य स्वागत -राजीव व्यास

राजीव व्यास ने बताया है कि सतना रेलवे स्टेशन में जिले के समस्त खिलाड़ियों व खेल प्रेमियों के द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा, तदुपरांत शहर के विभिन्न मार्गों में भ्रमण कार्यक्रम की तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं।

नगर भ्रमण स्थान = रेल्वे स्टेशन, सतना

रैली रूट चार्ट: रेलवे स्टेशन - जयस्तंभ चौक - बिहारी चौक - पन्नीलाल चौक - पुराना पावर हाउस - पुराना नगर निगम चौक - खोवा मंडी - अस्पताल चौक - इंदिरा कन्या महाविद्यालय - प्रेम नर्सिंग होम - सर्किट हाउस - सतना टेंट हाउस - होटल प्रताप, भरहुत नगर मोड - पार्क होटल, क्राइस्ट ज्योति स्कूल, रीवा रोड - के.बी. कॉम्प्लेक्स, रीवा रोड - सेमरिया चौक - अनिल स्टूडियो - सिंधु स्कूल - माहेश्वरी स्वीट्स, सुधा रेफ्रिजरेशन, होटल अपार रेजीडेन्सी - नेह निकुंज, बम्हनगवां में समाप्त होगी।



### सतना हाफ मैराथन, बॉक्सिंग व बॉलीबाल टीम करेंगी स्वागत

**राजीव व्यास ने आगे कहा कि डॉ. राकेश मिश्र जी का स्वागत-वंदन-अभिनंदन करने के लिए सोमवार को सभी समय से रेलवे स्टेशन पहुंचें व स्टेशन पर स्वागत करने के पश्चात् शहर में बाइक रैली निकाली जाएगी। जिसमें सभी नगर वासी खिलाड़ी बंधु सादर आमंत्रित हैं।**

# किसान भाइयों को मिले उनकी उपज का लाभ, शिवसेना

**खंडवा।** किसानों की समस्याओं पर सरकार ध्यान नहीं दे रही है यही वजह है कि कृषि उपज मंडी मूंग खरीदी को लेकर किसान और व्यापारी आमने-सामने हो गए सरकार जहां खेती को लाभ का धंधा बताने हुए लगी है वही किसान अपनी उपज सही दामों पर बेच नहीं पा रहा है उक्त टिप्पणी करते हुए शिवसेना प्रमुख गणेश भावसार ने कहा कि मूंग हो या मिर्ची खरीदी का विवाद पहली बार नहीं हुआ है ऐसी परिस्थितियां पूर्व में भी हो चुकी है कई बार मंडी के यह विवाद सुर्खिया बटोर चुके हैं फिर भी शासन स्तर से इस पर अंकुश नहीं लगाया जा सका यही वजह है कि फिर मंग या मिर्ची खरीदी को लेकर विवाद हुआ श्री भावसार ने आगे कहा कृषि मंत्री को किसानों के हित में ठोस कदम उठाने की जरूरत है जिससे किसानों को अपनी उपज का सही लाभ मिल पाएगा श्री भावसार ने कहा कि शिवसेना किसानों के हित में शीघ्र ही मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर खंडवा उपज मंडी में हुए विवाद से अवगत कराएगी ताकि आने वाले दिनों में किसान भाइयों को अपनी उपज का लाभ सही दामों पर मिल सके!

# जेएमएल कंपनी पर नहीं किसी की कमांड फिल्टर के नाम पर सप्लाई हो रहा गंदा पानी

**बुरहानपुर।** शहर वासियों को फिल्टर पानी पिलाने के नाम पर स्वच्छ जल के लिए करोड़ों की जल आवर्धन योजना शुरू की गई लेकिन 8 साल में भी इस का कार्य पूरा नहीं हुआ आधी अधूरी व्यवस्था के बीच शहर की पानी की टंकियो से जोड़कर जल सप्लाई शुरू किया गया लेकिन योजना का वार्डों में कार्य पूरा नहीं होने लाइन खुली होने के चलते अब पुरानी लाइनों से गंदा पानी सप्लाई किया जा रहा है जिससे शहर में पेट रोग की बीमारियां सामने आ रही है नलों से गंदा पानी आने की शिकायत लेकर नगर निगम अध्यक्ष कलेक्टर को शिकायत भी कर चुकी है उनके अपने वार्ड 48 में नलों से गंदा पानी आ रहा है, इसी



प्रकार खानका वार्ड, राजपुरा, सिंधीपुरा, इतवारा सहित अनेक वार्डों की शिकायत सामने आ रही है, कलेक्टर के निर्देश पर कंपनी के अफसर जांच के लिए वार्ड में पहुंचे पर उन्होंने शिकायत को नकार कर व्यवस्था को दुरुस्त बताया, कंपनी की हटधर्मी यह की गंदा पानी देखने के बाद भी वह उसे स्वच्छ बता रहे हैं। जेएमसी कंपनी के द्वारा अभी वार्डों की सैकड़ो गलियों में पाइप लाइन डालने और कनेक्शन देने का कार्य बाकी है काम में देरी का मामला विधायक अर्चना चिटनीस के द्वारा विधानसभा में भी उठाया गया लेकिन कोई सुधार नहीं है। कलेक्टर अनेक बार कंपनी को कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दे चुके हैं पर कंपनी योजना के कार्य को पूरा किए बगैर जल्द बाजी करते हुए उसे आधे अधूरे तरीके से कर यह दिखा रही है कि कार्य पूरा हो गया है, जबकि शहर के अनेक वार्डों की सैकड़ो गलियों में पाइप लाइन डालने और कनेक्शन देने का कार्य बाकी है कंपनी के अफसर पर किसी की कोई कमान नहीं होने से पूरा शहर गंदा पानी पीने को मजबूर है, वही नगर निगम पुराने जल स्त्रोत बंद करने की तैयारी में है अब ऐसे में शहरवासी परेशान है नगर निगम जेएमसी कंपनी पर लगाम लगाने की स्थिति में नहीं है।

## बिजली घर पर कांग्रेस करेगी धरना प्रदर्शन

**ग्वालियर।** 24 घण्टे बिजली देने का वायदा करने वाली भाजपा सरकार की करनी और कथनी की पोल इसी बात से खुल जाती है कि अघोषित व घोषित बिजली कटौती ने शहरवासियों का जन जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। बिजली कटौती से सर्वहारा वर्ग परेशान है। बिजली की इस अव्यवस्था को लेकर कांग्रेस पार्टी 10 जून को प्रात: 9-30 बजे से 11-30 बजे तक बिजली घर के मुख्यालय रोशनी घर पर विशाल धरना प्रदर्शन करेगी। यह जानकारी विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने पत्रकारों से चर्चा करते हुये दी। विधायक डॉ. सिकरवार ने कहा कि भाजपा सरकार 24 घण्टे बिजली देने और सरप्लस बिजली होने का दावा करती है, अगर ऐसा है तो 8-8 घण्टे अघोषित व घोषित बिजली कटौती क्यों की जा रही है।

# स्थापना दिवस पर सृष्टि सेवा संकल्प का पर्यावरणीय और राष्ट्रीय प्रयास, किया गया सिंदूर पथ का निर्माण

**इंदौर।** पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवी संगठन सृष्टि सेवा संकल्प के स्थापना दिवस के अवसर पर इंदौर इकाई द्वारा एक अनोखी और प्रशंसनीय पहल की गई है। पहलगाम में शहीद हुए 28 निर्दोष नागरिकों को श्रद्धांजलि देने और देश की सेना के सफल सिंदूर ऑपरेशन की चिरस्थायी स्मृति हेतु पूर्णत: विकसित। 28 पौधों से सिंदूर पथ का निर्माण किया गया है। यह पथ न केवल शहीदों को श्रद्धांजलि होगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रीय भावना का भी प्रतीक होगा।

इस संबंध में रविवार को जानकारी देते हुए सृष्टि सेवा संकल्प के राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रशांत गुप्ता ने ईएमएस को बताया कि सृष्टि सेवा संकल्प, जिला इंदौर इकाई द्वारा लिबरल कॉलेज (पिगडंबर) के बाहर सड़क के दोनों ओर 8-10 फीट ऊंचाई के नीम और गूलर के पूर्णत: विकसित पौधों का रोपण किया गया है। यह पथ न केवल शहीदों को श्रद्धांजलि होगी,




बल्कि पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रीय भावना का भी प्रतीक होगा। लिबरल कॉलेज ने इन विकसित पौधों की सुरक्षा और देखरेख की जिम्मेदारी ली है, जिससे ये वृक्ष लंबे समय तक सुरक्षित और स्वस्थ बने रहें। यह पहल पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारी का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

गुप्ता ने बताया कि सृष्टि सेवा संकल्प, जिला इंदौर इकाई की पहल पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रीय भावना को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। संगठन का उद्देश्य समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता व संवेदना बढ़ाना और लोगों को इस कार्य में शामिल करना है।

इस अवसर पर सृष्टि सेवा संकल्प के राष्ट्रीय पदाधिकारियों सहित लिबरल कॉलेज के चेयरमैन डॉ जहूर पीर अहमद, लिबरल कॉलेज के निदेशक विपिन राठौड़, सृष्टि सेवा संकल्प इंदौर जिला इकाई कार्यकारिणी सदस्य राजवीर धाकड़, हर्ष मंगलानी, नीरज गुप्ता, निमेष मेहता, वीर राजावत, प्रकाश त्रिपाठी, राजा राठौड़, मीत राजावत, अतुल व्यास, त्रिलोक सिंह एवं अन्य समाजजन मौजूद रहे।

# बालश्रम बना काल- ईंट भरे ट्रैक्टर के पलटने से नाबालिग की दर्दनाक मौत

**गुना।** जिले के बजरंगगढ़ थानांतर्गत छीपोन के निकट का एक 16 वर्षीय नाबालिग किशोर धर्मेंद्र उर्फ कल्लू पिता रामकृष्ण ओझा निवासी रुठियाई की रविवार को ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा छीपौन गांव के पास दोपहर करीब 12 बजे हुआ, जब वह ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर लौट रहा था। बताया गया है कि ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड? से नीचे उतर गया और पलट गया, जिससे धर्मेंद्र उसके नीचे दब गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकालकर जिला अस्पताल भिजवाया, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया।

परिजन व ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि मृतक नाबालिग होने के बावजूद उसे ईंट भट्टा और ट्रैक्टर मालिक जबरन काम पर बुलाते थे। भाई विवेक ओझा ने बताया कि परिवार द्वारा कई बार मना करने के बावजूद बालक को पैसे का लालच देकर ट्रैक्टर चलाने भेजा जाता था। रविवार सुबह भी जबरन उसे बुलाकर ले जाया गया था। धर्मेंद्र ईंटों से भरी ट्रॉली लेकर लौट रहा था, तभी छीपौन के निकट ट्रैक्टर असंतुलित होकर पलट गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना से परिवार पर



दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। इस मामले में ग्रामीणों और परिजनों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। नाबालिग से जबरन काम कराना और उसकी जान जाना, यह सवाल खड़े करता है कि बालश्रम के खिलाफ बनी नीतियां ज़मीनी स्तर पर कितनी प्रभावी हैं।

## जनमित्र केंद्र में महिला कंप्यूटर ऑपरेटर को महिला क्लर्क ने पीटा

**ग्वालियर।** शहर के वार्ड क्रमांक 65 के जोन नंबर 18 स्थित जनमित्र केंद्र में महिला कर्मचारियों के बीच शनिवार दोपहर मारपीट हो गई। जब एक कंप्यूटर ऑपरेटर डेटा अपडेट कर रही थी, तभी एक महिला क्लर्क ने पीछे से आकर उसे पहले उसने थप्पड़ मारे, फिर जूती से चेहरे और सिर पर वार किए। मारपीट करने वाली महिला कर्मचारी को शक था कि कम्प्यूटर ऑपरेटर उसके बारे में अन्य लोगों से अन्य लोगों से बुराई कर रही है और अफवाहें फैला रही है। मारपीट में घायल कंप्यूटर ऑपरेटर ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार वीरपुर बांध स्थित कचरा फैक्ट्री के पास निवास करने वाली 35 वर्षीय मालती निरंजन (पटेल), पत्नी संजीव निरंजन, वार्ड क्रमांक 65 के जोन-18 के जनमित्र केंद्र में बतौर कंप्यूटर ऑपरेटर कार्यरत है। इसी केंद्र में नेहा राजपूत नाम की एक महिला क्लर्क भी पदस्थ है। शनिवार दोपहर जब मालती एक सहकर्मी से बातचीत करने के बाद कंप्यूटर में डेटा अपडेट कर रही थी, तभी नेहा राजपूत पीछे से आई और गालियां देते हुए उस पर हमला कर दिया। मालती कुछ समझ पाती, उससे पहले ही नेहा ने उसके चेहरे पर घूंसे मारने शुरू कर दिए। मालती ने जब अपने बचाव में विरोध करना चाहा, तो नेहा ने पैरों से जूती निकालकर उसके चेहरे को निशाना बनाकर मारना शुरू कर दिया। बाद में स्टाफ ने बीच-बचाव कर मालती को छुड़ाया और उसे शांत कराया। हमले में मालती के चेहरे और मुंह पर गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने फरयादी की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

# मध्यप्रदेश में 50 हज़ार कर्मचारी गायब हर साल 460 करोड़ रुपए का घोटाला: माकपा

**ग्वालियर।** घोटालों की सूची में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार ने एक और कारनामा किया है द्य अचानक प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों में 50 हज़ार कर्मचारी गायब हो गए हैं द्य पिछले छह महीने से यह कर्मचारी अपना वेतन नहीं निकाल रहे हैं द्य इस प्रकार इन छह महीनों का 230 करोड़ रुपए का वेतन कोषालय से नहीं निकाला गया है द्य इसका अर्थ है कि हर वर्ष 460 करोड़ का घोटाला अधिकारी और उनके राजनीतिक आका मिलकर कर रहे थे। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव जसविंदर सिंह ने उक्त आरोप लगाते हुए कहा है कि 23 मार्च को प्रदेश के कोषालय आयुक्त ने सभी जिला कोषालय अधिकारियों को पत्र लिखकर कर इन 50 हज़ार कर्मचारियों के बारे में जानकारी मांगी हैद्य इनमें से 40 हजार कर्मचारी स्थाई हैं और 10 हजार संविदा पर बताये जा रहे हैं द्य मजेदार बात यह है कि इन कर्मचारियों की न कोई पहचान दर्ज है न उपस्थिति 7 इनके नाम दर्ज हैं लेकिन कोई काम नहीं 7 इनका पद तो है लेकिन इसके अलावा कुछ नहीं। माकपा नेता ने कहा है कि आईएफएमआईएस सिस्टम के तहत ऐसे रेगुलर और नॉन रेगुलर कर्मचारियों का डाटा संलग्न है जिनका वेतन दिसंबर 24 के बाद से नहीं निकला है। इनके यूनिकोड सक्रिय हैं। इनकी मृत्यु या रिटायर्मेंट की तारीख दर्ज नहीं है। जसविंदर सिंह ने कहा है कि भाजपा सरकार का यह बड़ा घोटाला है द्य पिछले 22 वर्षों में सिर्फ 15 महीने को छोड़कर भाजपा की सरकार है द्य यदि यह घोटाला बीस साल से भी चल रहा है तो यह दस हजार करोड़ रुपए से अधिक का घोटाला है द्य जिसमें सिर्फ अधिकारी ही नहीं मंत्री और नेता भी शामिल हैं द्य इस घोटाले की जांच में यह जांच भी की जानी चाहिए कि इनका वेतन किस बैंक अकाउंट में जा रहा था और इसे कौन आपरेट कर रहा था। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने कहा है कि इस घोटाले से साफ हो गया है कि भाजपा सरकार किस बेरहमी से प्रदेश की जनता के खून पसीने की गाढ़ी कमाई को लूट रही है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी सर्वोच्च न्यायालय के सिटिंग जज से इस घोटाले की जांच करवाने की मांग करती है।

## दुकानदार पर जानलेवा फायर करने वाले बाल अपचारी को पुलिस ने अभिरक्षा में लिया

**ग्वालियर।** थाना ग्वालियर पुलिस ने जानलेवा फायरिंग की घटना का 12 घंटे में पर्दाफाश करते हुए पिता से टैक्सी खड़ी करने को लेकर हुए विवाद में दुकानदार पर जानलेवा फायर करने वाले बाल अपचारी को अभिरक्षा में लिया है 7 बाल अपचारी की निषादेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एक 315 बोर का कट्टा एवं खाली खोखा जप्त किया।

## पुलिस ने वारदात की नियत से खड़े एक बदमाश को पकड़कर उससे एक 315 बोर का देषी कट्टा व एक जिंदा राउण्ड किया जप्त

**ग्वालियर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह, भापुसे के निर्देष पर ग्वालियर पुलिस द्वारा फायर आर्म्स की बड़ रही घटनाओं को रोकने हेतु अवैध हथियार रखने एंव अवैध हथियारों की खरीद फरोख्त करने वालों के विरूद्ध जिले में प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। उक्त कार्यवाही के दौरान दिनांक 07.06.2025 को थाना मुरार पुलिस को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई की एक युवक अवैध हथियार लिए किसी वारदात करने की नियत से रामलीला मैदान मुरार में खड़ा हुआ है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देषों के परिपालन में फायर आर्म्स की घटनाओं को रोकने हेतु सीएसपी मुरार श्री राजीव जंगले के कुषल मार्गदर्षन में थाना प्रभारी मुरार निरीक्षक मैना पटेल के द्वारा पुलिस की टीम को लगाया गया है। दिनांक 07.06.2025 को मुखबिर की सूचना पर थाना बल की टीम को मुखबिर के बताये स्थान रामलीला मैदान में अवैध हथियार लिए बदमाष के खिलाफ कार्यवाही करने हेतु भेजा गया। पुलिस टीम को मुखबिर के बताये स्थान पर मुखबिर के बताये हुलिया का एक युवक खड़ा दिखा जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस टीम द्वारा घेरकर उसे पकड़ लिया गया और पूछताछ करने पर उसने निवासी तेल मिल के पास वंषीवपुरा मुरार जिला ग्वालियर का होना बताया। पुलिस द्वारा संदेही की तलाषी लेने पर उसके पास से एक 315 बोर का देशी कट्टा मय एक जिंदा कारतूस के मिला, पकड़े गये आरोपी का यह कृत्य धारा 25(1-बी)(ए) आर्म्स एक्ट के तहत दण्डनीय पाए जाने से थाना मुरार में अप0क्र0 252/25 धारा 25(1-बी)(ए) आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी से एक 315 बोर का कट्टा एवं एक जिन्दा राउण्ड को जप्त कर पुलिस अभिरक्षा में लिया गया और आरोपी से पुलिस द्वारा अवैध हथियार के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

# युवती के दफनाये गये शव को निकलवाकर कराया जायेगा पीएम

### दुष्कर्म पीड़िता ने पिया था टॉयलेट क्लीनर, बीमार रहने के कारण हो गई मौत



**भोपाल।** ऐशबाग थाना इलाके में रहने वाली 18 साल की युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका दुष्कर्म पीड़िता थी, उसने बीती 2 मार्च को टायलेट क्लीनर पी लिया था। इलाज के लिये उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहॉ से उसे डिस्चार्ज कर दिया गया था। लेकिन टायलेट क्लीनर पीने के कारण वह बीमार रहने लगी थी। शुक्रवार को उसकी तबीयत एक बार फिर बिगड़ी और उसकी मौत हो गई। परिवार वालो ने बिना पुलिस को सूचना दिये ही उसका दफना दिया था। घटना की जानकारी लगने पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए शव दफन शव को कब्र से निकालकर पीएम कराने के लिये एसडीएम से परमिशन ली। एसडीएम की अनुमति के बाद रविवार को शव को निकालकर पीएम कराया जाने की बात बताई गई है। पुलिस के अनुसार थाना इलाके में रहने वाली 18 साल युवती ने बीती 2 मार्च को उसने टायलेट क्लीनर पी लिया था। परिजन उसे इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवती से पूछताछ की तो पता चला कि दो साल से उसके साथ इलाके में रहने वाला एक युवक शादी का झांसा देकर दुष्कर्म कर रहा था। पुलिस ने युवती के बयान दर्ज करने के बाद आरोपी के खिलाफ बलात्कार, पाक्सो सहित दैहिक शोषण की धाराओं में मामला कायम कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इधर टायलेट क्लीनर पीने के बाद युवती की सेहत मे पूरी तरह से सुधार नहीं हुआ था। उसे अक्सर पेट की समस्या होती थी। परिजन उसका लगातार इलाज करा रहे थे। बीते दिनों उसकी तबीयत बिगड़ी और उसकी मौत हो गई। बाद में 6 मई को परिवार वालो ने बिना पुलिस को सूचना दिये उसे दफना दिया। युवती की मौत और दफनाने की जानकारी लगने पर परिवार वालो को थाने बुलाकर आगे की जाने वाली कार्यवाही के लिये समझाइश दी गई। थाना पुलिस का कहना है कि मृतका युवती की पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही उसकी मौत का सही कारण साफ हो सकेगा। वहीं उसके साथ दुष्कर्म करने वाला आरोपी जेल में है।

# भोपाल में 10 जून से शुरू होगा आम महोत्सव 8.0

### डिस्प्ले होगा 2000 रुपए किलो का नूरजहां, रीवा का शुगर-फ्र सुंदरजा भी रहेगा आकर्षण

**भोपाल।** राजधानी भोपाल के बिट्टन मार्केट स्थित नाबार्ड क्षेत्रीय कार्यालय परिसर में 'राज्य स्तरीय आम महोत्सव 8.0' की शुरुआत 10 जून से होगी। 14 जून तक चलने वाले इस आयोजन में मध्यप्रदेश के आदिवासी जिलों से लाए गए प्राकृतिक रूप से पके रसायनमुक्त आमों की 15 से अधिक किस्में बिक्री के लिए उपलब्ध रहेगी। इस वर्ष महोत्सव की खास बात यह है कि पहली बार दुर्लभ नूरजहां आम बिक्री के लिए उपलब्ध करवाया गया है। इससे पहले यह आम केवल प्रदर्शनी के लिए रखा जाता था। इस आम की कीमत 2,000 प्रति किलो है और इसका वजन 1.1 किलो से अधिक का होता है। नूरजहां आम का उत्पादन केवल आलीराजपुर जिले के कट्ठीवाड़ा क्षेत्र में होता है, जहां इसकी खेती केवल 10 पेड़ों पर होती है। यह आम इतना भारी होता है कि हल्की हवा से भी गिर सकता है, इसलिए इसकी खेती एक चुनौती है।

#### शुगर के मरीजों के लिए उपयुक्त 'सुंदरजा' आम

**रीवा जिले के गोविंदगढ़ क्षेत्र से लाया गया जीआई टैग प्राप्त सुंदरजा आम भी खास आकर्षण रहेगा। यह आम फाइबर-फ्री होता है और शुगर मरीजों के लिए उपयुक्त माना जाता है। इसकी मिठास और गुणवत्ता इसे विशेष बनाती है। नाबार्ड की चीफ जनरल मैनेजर सी. सरस्वी ने बताया कि वाड़ी परियोजनाओं से जुड़े आदिवासी परिवारों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाना, उनकी आजीविका को सशक्त करना और विपणन कौशल विकसित करना इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। आम महोत्सव वाड़ी से थाली तक की अवधारणा को साकार करता है।**

## » न्यूज कैप्सूल »

### चलती ट्रेन से फिसला युवक आरपीएफ जवान ने बचाया

**भोपाल स्टेशन पर टला बड़ा हादसा; प्लेटफार्म-कोच के बीच में फंस रहा था युवक**

**भोपाल।** भोपाल रेलवे स्टेशन पर बड़ा हादसा होने से बच गया। ट्रेन पर चढ़ते समय एक युवक का पैर फिसला और वह नीचे गिर गया। वह प्लेटफार्म और कोच के बीच में फंसने लगा। तभी आरपीएफ जवान ने दौड़ लगाई और खींचकर युवक को बचा लिया। मामला शनिवार शाम का है, जो रविवार को सामने आया है। जानकारी के अनुसार, शाम को छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस भोपाल स्टेशन के प्लेटफार्म-1 से रवाना हो रही थी। इसी दौरान भोपाल के गांधीनगर निवासी अमरपाल सिंह प्लेटफॉर्म टिकट लेकर अपने परिजनों को ट्रेन में बैठाने आए थे। अधिक सामान चढ़ाने के लिए कोच में गए थे। ट्रेन के चलने के बाद जब उन्होंने नीचे उतरने का प्रयास किया, तो उनका संतुलन बिगड़ गया और वे फिसलकर कोच और प्लेटफॉर्म के बीच गिर पड़े। मौके पर मौजूद आरपीएफ आरक्षक कृष्ण कुमार ने हादसा होते देख दौड़ लगाई और युवक को खींचकर बाहर निकाला। जिससे उसकी जान बच गई। युवक को केवल मामूली खरोंचें आईं। जिनका उपचार स्टेशन पर स्थित डिस्पेंसरी में किया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि आरक्षक की सतर्कता और त्वरित निर्णय ने एक संभावित गंभीर हादसे को टाल दिया। उन्होंने यात्रियों से यह भी अपील की कि वे चलती ट्रेन से चढ़ने या उतरने का प्रयास न करें और केवल गाड़ी के पूर्णत: रुकने पर ही चढ़ें या उतरें।

### जनता के बीच जाकर मोदी सरकार की उपलब्धियां बताएगी भाजपा

**आज से शुरू होगा 'संकल्प से सिद्धि तक' अभियान**

**भोपाल।** भाजपा सोमवार से 'संकल्प से सिद्धि तक' अभियान चलाएगी। जिसके तहत भाजपा नेता जनता के बीच जाकर मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धियां बताएंगे। बता दें कि जातिगत जनगणना सहित देश के हित में विभिन्न विषयों पर कांग्रेस सरकार के 60 साल की विफलताओं को और भाजपा सरकार की 11 साल की सफलताओं को घर-घर पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके लिए मोर्चा और प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी तय की गई है।

10 और 11 जून को जिला स्तर पर प्रेस वार्ताएं होगी। मंडल स्तर तक भारत संकल्प सभा का आयोजन होगा। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले 15 से 20 जून तक मंडलों में योग शिविरों का आयोजन होगा। 23 जून को डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस और 6 जुलाई को उनकी जयंती मनाई जाएगी। जबकि 25 जून को लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान होगा। इस सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए अलग-अलग संभागों और जिलों में मंत्रियों, विधायकों, सांसदों की भी जिम्मेदारी तय की गई है। गौरतलब है कि भाजपा ने मोदी सरकार के 11वां साल पूरा होने को भाजपा संकल्प से सिद्धि तक के रूप में मनाने का फैसला किया है।

### दिग्विजय सिंह ने खाद्य विभाग को लिखा पत्र

**भोपाल।** पूर्व सीएम और वर्तमान राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने खाद्य विभाग के प्रमुख सचिव को पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने एकमुश्त राशन वितरण के निर्णय की सराहना की है और कहा है कि यह कदम जरूरी है। खासकर मानसून के दौरान वितरण बाधित न हो, ताकि लोगों को जरूरी खाद्यान्न मिल सके। दिग्विजय सिंह ने राशन वितरण में पारदर्शिता की भी मांग की है और पिछली बार सामने आईं अनियमितताओं का हवाला देते हुए कहा है कि हरदा समेत कई जिलों में शिकायतें मिली थीं।

### विहिप और बजरंग दल ने किया हनुमान चालीसा का पाठ

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में जिम जिहाद का खुलासा होने के बाद विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल जहां विरोध में अभियान चला रहे हैं वहीं इस पर सियासत भी हो रही है। राजधानी भोपाल के अलग अलग जिम में जाकर विहिप द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ किया जा रहा है। वहीं कांग्रेस ने कहा कि जिम में नेतागिरी न करें, सरकार पर दबाव बनाए।

# एमआरपी से ज्यादा रेट पर बिक रही शराब



### नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने शेयर किया वीडियो

**भोपाल।** मप्र में तय रेट से ज्यादा दामों पर शराब बेचे जाने के मामले अलग-अलग जिलों से सामने आते रहे हैं। अब नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने एमआरपीसे ज्यादा दाम पर शराब बेचने का वीडियो ङ्ग पर शेयर कर मप्र सरकार और आबकारी मंत्री जगदीश देवड़ा को घेरा है।

नेता प्रतिपक्ष ने एक्स पर लिखा कि मप्र में शराब की कीमतों के घोटाले का जिम्मेदार कौन? जब बाजार में हर चीज एमआरपीपर मिलती है, तो शराब की दुकानों पर शराब मनमानी कीमत पर क्यों बिक रही है। इसलिए कि यह एक बड़ा खेल है और इस खेल में कई अफसर और शराब माफिया की टीमें खेल रही हैं। बिना राजनीतिक शह के न तो आबकारी अफसर हिम्मत कर सकते हैं और न शराब माफिया। समझ लीजिए कि इस गोरखधंधे की डोर किसके हाथ होगी।

#### आबकारी आयुक्त के आदेश का भी पालन नहीं

नेता प्रतिपक्ष ने लिखा कि आश्चर्य की बात तो यह कि आबकारी आयुक्त ने 1 अप्रैल से मप्र की हर शराब दुकान पर रेट लिस्ट चस्पा करने का आदेश दिया, कीमत भी तय कर दी, पर इसका पालन नहीं हुआ। इंदौर में तो 2 महीने बाद भी किसी दुकान पर रेट लिस्ट चस्पा नहीं करवाई गई। जबलपुर कलेक्टर ने तो इस मामले में कार्रवाई भी की। मनमाने दाम पर बिकती शराब के हिस्सेदारों ने ही दुकानों को ऐसा न करने की हिम्मत दी होगी। ये जानकारी उपमुख्यमंत्री और आबकारी विभाग संभालने वाले देवड़ा जी की जानकारी में भी आई होगी। उन्होंने कुछ किया नहीं या उन्हें करने नहीं दिया गया। शराब की मूल कीमत और खरीददारों से वसूली गई कीमत का फर्क ही सारे खेल की जड़ है। मैं तो मप्र में शराबबंदी का पुरजोर समर्थक हूं। पर, सरकार इस पर विचार ही नहीं कर रही। फिर भी राजस्व के लिए शराब बेचना सरकार की मजबूरी है, तो सही कीमत पर तो बिके।

# बेटे की मौत से सदमें में रह रही मॉ ने फांसी लगाई

### कमरे में हर जगह नजर आता था बेटा

**भोपाल।** देहात क्षेत्र के रातीबड़ थाना इलाके में स्थित एक कॉलोनी में अपनी दो बेटियों के साथ रहने वाले महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फिलहाल खुदकुशी का सही कारण साफ नहीं हो सका है, लेकिन शुरुआती जॉच में सामने आया है, कि महिला बैतूल की रहने वाली थी, और करीब तीन महीने पहले उसके इकलौते बेटे ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। इस हादसे से वह काफी गहरे सदमे में थी, और बैतूल छोडकर भोपाल आकर रहने लगी थीं। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मूलरूप से बैतूल की रहने वाली गीता प्रजापति (48) इलाके में बनी पूजा कॉलोनी में अपनी दो बेटियों के साथ किराए के मकान में रह रही थीं। उनकी दोनों बेटियां प्राइवेट नौकरी करती हैं। शुक्रवार सुबह दोनों बेटियां अपने-अपने काम काम पर चली गई थी। रात करीब 8 बजे जब वे घर पहुचीं तो उन्हें मॉ का शव फांसी के फंदे पर लटका नजर आया। आसपास के लोगो की मदद से बेटियों ने मां के शरीर को फंदे से उतारा और पास में स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंची। लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। अस्पताल से मिली सूचना पर पहुचीं पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिवार वालो को सौंप दिया है। शुरुआती जॉच में दोनों बेटियों ने पुलिस को बताया कि उनका एक भाई भी था, जो विवाहित था। उसने बैंक से कर्ज लेकर अपना कारोबार शुरू किया था, लेकिन कारोबार नहीं चला और काफी घाटा होने पर भाई ने तीन माह पूर्व बैतूल में आत्महत्या कर ली थी। फांसी लगा ली थी। उसकी मौत के बाद भाई की पत्नि अपनी बेटी को लेकर मायके चली गई थी। बेटे की मौत के बाद गीता प्रजापति हर समय उसकी याद में रोती रहती थीं। उनकी हालत देख बेटियां उन्हें भोपाल लाकर रहने लगी थी। जिससे उनका मल हल्का हो सके, लेकिन भोपाल आने के बाद भी वह बेटे को हरसमय याद करती रहती थी, वह अपनी बेटियों से मृतक बेटे के कमरे में नजर आने की बात भी कहती थी।

# कार चालक ने ऑटो को कट मारा, विरोध करने पर बेटे के साथ मिलकर की मारपीट

### ऑटो में सवार महिलाओ को भी डंडे से पीटा

**भोपाल।** हबीबगंज थाना इलाके में एक कार चालक ने अपने लडके के साथ मिलकर सीएनजी ऑटो में सवार एक ही परिवार के लोगों के साथ जमकर मारपीट कर डाली। आरोपियों ने महिलाओ को भी नहीं छोड़ा और उन पर भी डंडे बरसाये। बताया गया है कि कोलार तिराहे के पास कार चालक ने ऑटो को कट मारा था, जिससे ऑटो बेकाबू हो गया और पलटी खाते-खाते बचा था। आगे जाने पर ऑटो में सवार लोगों ने कार चालक से शिकायत की तब उसने अपने लडके के साथ मिलकर मारपीट कर दी और फरार हो गया। पुलिस के अनुसार मीरा बाई मंदिर के पास हबीबगंज में रहने वाला अयान खान पिता चंदू खान (17) पुताई का काम करता है। अपनी शिकायत में उसने बताया की शुक्रवार की रात वह अपनी मां, बहन, भाभी और एक दोस्त के साथ बुधवारा से सामान लेकर मोहसिन नामक युवक के ऑटो से लौट रहे थे। सीएनजी टेंक राहुल नगर से ऑटो में गैस डलवाकर जैसे ही वह कोलार तिराहे के आगे पहुचे तभी कार नंबर एमपी 04 सीई 7289 के चालक ने तेजी व लापरवाही से कार चलाते हुए ऑटो को कट मारते हुए मामूली टक्कर मार दी। इससे ऑटो पलटते-पलटते बचा। जब उन लोगो ने जोर से आवाज लगाई तब कार मौके से भाग निकला। आगे जाकर बांसखेड़ी चौराहे के पास ग्लोबल अस्पताल के आगे कार चालक नजर आया तब अयान ने उससे कहा की आपने ऑटो को कट मारा था, जिससे हम लोग हादसे का शिकार होने से बाल-बाल बच गए। आपको इस तरह गाड़ी नहीं चलानी चाहिए। इस पर कार चालक ने उसके साथ गाली-गलौज करनी शुरु करते हुए कार में बैठे अपने लडके को बुला लिया। बाप-बेटे ने मिलकर उसके साथ लात-मुक्कों व डंडों से मारपीट करनी शुरु कर दी। यह देख ऑटो में सवार महिलाओं ने जब बीच बचाव का प्रयास किया तब आरोपियो ने डंडे से उनके साथ भी मारपीट की और धमकाते हुए कार लेकर भाग निकले। बाद में अयान अपने परिजनों के साथ थाने पहुंचा जहॉ मामला कायम कर पुलिस कार नंबर के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है।

# भोपाल में कुर्बानी का 200 टन अवशेष प्लांट पर भेजा

### रेंडरिंग प्लांट में बनेंगे दाने; बायो वेस्ट फेंकने पर 15 हजार का जुर्माना



**भोपाल।** भोपाल में ईदुल अजहा (बकरीद) पर नगर निगम ने कुर्बानी का करीब 200 टन अवशेष एकत्रित किया। जिसे आदमपुर छावनी स्थित रेंडरिंग प्लांट भेजा गया। यहां इससे मुर्गी और बिल्लियों के लिए दाना तैयार किया जाएगा। दूसरे दिन, रविवार को भी टीमें मैदान में तैनात की गई है। 110 जगहों पर कंटेनर रखे गए हैं। वहीं, बायो वेस्ट फेंकने पर 15 हजार का जुर्माना भी किया गया है।

स्वच्छता मित्र इम्तियाज खान ने बताया कि नगर निगम और उनकी टीम मैदान में है। पहले दिन जितना अवशेष एकत्रित हुए। उसे रेंडरिंग प्लांट में पहुंचाया जा चुका है। रविवार को भी टीमें लोगों पर नजर रख रही है। तालाब किनारों पर भी टीमें तैनात हैं। ताकि, यदि कोई अवशेष फेंकता मिला तो तत्काल कार्रवाई हो सके। अब तक ढाई सौ से ज्यादा लोगों को रोका जा चुका है।

#### रेंडरिंग प्लांट पहुंचा वेस्ट

ऐसा पहली बार हो रहा है, जब रेंडरिंग प्लांट में सारा वेस्ट जा रहा है। इससे मुर्गी-बिल्लियों के लिए दाने बनाए जाएंगे। बता दें कि रेंडरिंग प्लांट में पशुओं के शव या मांस के अपशिष्ट को इकट्?ठा किया जाता है। इनमें खाल, चर्बी, हड्?डी भी शामिल हैं। प्लांट में शव को छोटे टुकड़ों में काटा जाता है और प्रोसेस फिर फिर उच्च तापमान पर पकाया जाता है। इससे जानवरों के लिए दाने तैयार किए जाते हैं। महापौर मालती राय ने बताया, इस साल नगर निगम ने आदमपुर छावनी में रेंडरिंग प्लांट स्थापित किया है। जिसमें स्लाटर वेस्ट से मुर्गी व मछली के लिए दाना तैयार किया जाएगा। यह प्लांट मध्यप्रदेश में अपने किस्म का पहला प्लांट है। रेंडरिंग प्लांट में स्लाटर वेस्ट का उपयोग होने से अब पूर्व की तरह स्लाटर वेस्ट को जमीन में गाड़ा नहीं जाएगा। स्लाटर वेस्ट को अस्थायी सेकेंडरी स्टोरेज पाइंट पर एकत्र कर सीधे आदमपुर छावनी स्थित रेंडरिंग प्लांट भेजा जा रहा है।

#### 3 दिन तक रखे जा रहे कंटेनर

इस बार निगम ने अस्थायी सेकेंडरी स्टोरेज पाइंट एवं अन्य स्थानों पर आवश्यक रसायन, शहर में पर्याप्त मात्रा में कंटेनर आदि की व्यवस्था की है। पशुवध गृह और जोन क्षेत्रों से स्लाटर वेस्ट एकत्रित कर जिंसी स्लाटर हाउस व अस्थायी सेकेंडरी स्टोरेज पाइंट और फिर वहां से आदमपुर छावनी स्थित रेंडरिंग प्लांट भेजा गया। तीन दिन तक कंटेनर रखे गए हैं। रविवार को नगर निगम ने बायो वेस्ट फेंकने पर जुर्माने की कार्रवाई की। जोन-18 के वार्ड-83 में डॉ. ऋषभ गुप्ता द्वारा खुले में बायो मेडिकल वेस्ट फेंकते पाए जाने पर उनके विरुद्ध 15 हजार रुपए की चालानी कार्रवाई की गई।

# अपनी ही सरकार से खफा किसान संघ

#### मूंग की फसल को लेकर इस दिन किया जाएगा प्रदेशव्यापी आंदोलन

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में ऋस्स् का अनुसांगिक संगठन किसान संघ अपनी ही सरकार से खफा है। बैठक में मूंग उड़द समेत अन्य फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी सुनिश्चित करने के लिए प्रदेशव्यापी आंदोलन का निर्णय लिया गया है।

बता दें कि 10 जून को प्रदेश के सभी तहसील मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस प्रदेश स्तरीय आंदोलन में धरना प्रदर्शन और घेराव किया जाएगा। किसान संघ के प्रांत प्रचार प्रसार प्रमुख राहुल धूत ने कहा कि सरकार ने इस बार मूंग का न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी नहीं करने का निर्णय लिया है। जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। राहुल धूत ने कहा कि इसके पीछे सरकार वजह बात रही है कि किसान मूंग की फसल में रसायनों में इस्तेमाल कर रहे हैं। जिससे मूंग का उत्पादन जहरीला हो गया है। उन्होंने सरकार से सवाल पूछते हुए कहा कि जिन कंपनियों का किसान रयासन उपयोग करते हैं, उन कंपनियों को लाइसेंस कौन दे रहा है? सरकार ही उन कंपनियों को लाइसेंस दे रही है।

किसान संघ के प्रांत प्रचार प्रसार प्रमुख ने कहा कि एक तरफ सरकार इन कंपनियों को लाइसेंस दे रही है और दूसरी तरफ किसान से अपेक्षा करती है कि रसायनों को उपयोन न करें। अगर किसान इन रसायनों को उपयोग न करें तो किसानों को सरकार विकल्प बताए। सरकार ने अचनाक मूंग की खरीदी नहीं करने का निर्णय लिया है। किसान मूंग की उत्पादन कर चुका है। फसलें खड़ी है और वो उसे बेचने के लिए परेशान हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर सरकार को मूंग नहीं खरीदना था तो एक साल पहले इसकी सूचना किसानों को देना चाहिए था। वहीं मूंग को व्यापारी औने-पौने दामों में खरीद रहे हैं। यह दोहरी नीति क्यों? इन्हीं सभी बातों को लेकर सरकार के खिलाफ 10 जून को प्रदेशव्यापी आंदोलन का निर्णय लिया गया है।

# विवाहिता ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**भोपाल।** राजधानी की कोकता मल्टी में रहने वाली विवाहिता द्वारा फांसी लगाकर खुदकुशी किये जाने की घटना सामने आई है। फिलहाल आत्महत्या का कारण साफ नहीं हो सका है, जिसकी पुलिस जॉच कर रही है। थाना

पुलिस के अनुसार अपने परिवार सहित मल्टी कोकता में रहने वाले मुकेश अहिरवार हलवाई का काम करते हैं। उनकी शादी को करीब 15 साल हो चुके है, परिवार में पत्नि अनिता अहिरवार सहित 8 और 12 साल के दो बेटे हैं। शनिवार को मुकेश काम पर गए थे। वहीं रात के समय दोनो बच्चे घर के बाहर खेलने गए थे। बाद में उनका बड़ा बेटा घर आया तब उसे मां का शरीर फांसी के फंदे पर लटका नजर आया। उसने फौरन ही पिता को जानकारी देने के साथ ही प?ौसियों को बुलाया। प?ौसियों ने शव को फंदे से उतारा, बाद में मुकेश के घर पहुंचने पर पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्क कायम कर शव को पीएम के लिए बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस का कहना है कि शुरुआती जॉच में फिलहाल आत्महत्या का कारण साफ नहीं हो सका है। आगे की जॉच में पति सहित मृतका के मायके पक्ष वालो के बयान दर्ज किये जायेगें जिसके बाद ही सामने आया सकेगा की विवाहिता ने यह आत्मघाती कदम क्यो उठाया। जॉच के आधार पर आगे की कार्यवाही की जायेगी।

### करंट लगने से मासूम की मौत के मामले में 4 लाख का मुआवजा देने की सिफारिश

**भोपाल।** अरेरा कॉलोनी में एक ट्रांसफार्मर की डीपी के खुले ढक्कन के कारण करंट लगने से 11 साल के किशोर वंश की मौत के मामले में चार लाख रूपये मुआवजा देने की सिफारिश की जा रही है। बताया जा रहा है कि इस मामले में बिजली कंपनी के पश्चिम संभाग के शाहपुरा जोन के मैनेजर ने डीजीएम को रिपोर्ट सौंप दी है। इस रिपोर्ट में कहा गया है, कि डीपी का ढक्कन किसी अज्ञात व्यक्ति ने तोड़ दिया बच्चा नाबालिग था। जानकारी के आभाव में मैच खेलते समय किशोर ने उठाने के लिए हाथ डीपी के अंदर डाल दिया था, जिससे उसे करंट लग गया। जांच कर रही शाहपुरा जोन की टीम मृत बालक के परिजनों के बयान लेने उनके घर पहुंची थी। गौरतलब है की करीब दस दिन पहले ई 7 अरेरा कॉलोनी के एक खेल मैदान के पास लगे ट्रांसफार्मर की डीपी के खुले ढक्कन के पास करंट के तारो की चपेट में आने से इंदिरा नगर में रहने वाले 11 साल के वंश जोगी की मौत हो गई थी।

## ब्रीफ न्यूज

### समिति सदस्य ने किया वृद्धा आश्रम का निरीक्षण



**मैहर।** मां शारदादेवी मंदिर प्रबंध समिति के सदस्य सचिन मिश्रा ने रविवार को वृद्धा आश्रम का निरीक्षण किया। वृद्धजनों से उनकी समस्याओं को सुना गया तथा वृद्ध आश्रम प्रबंधन को निर्देशित किया गया कि वृद्धजनों की संपूर्ण व्यवस्थाओं की देखरेख गुणवत्ता पूर्ण तरीके से की जाए एवं वृद्धा आश्रम भवन जो जगह जगह से बारिश में सीपेज है उसकी मरम्मत का कार्य शीघ्र प्रारम्भ कराया जाए।

### बड़ा अखाड़ा मैहर में 121 बटुकों का उपनयन संस्कार



**तैहर।** श्रीराम जानकी मंदिर बड़ा अखाड़ा में रविवार को 121 बटुकों का सामूहिक उपनयन संस्कार पूज्य संत सीताबल्लभ शरण जू महाराज के दिशा निर्देशन में आयोजित किया गया। पंजियन प्रभारी सुशील तिवारी ने बताया कि 121 बटुकों का व्रतबंध नि:शुल्क किया गया जहांकि सतना, पन्ना, पवई, रामनगर, जबलपुर, चंदिया, उमरिया, पिथौराबाद, पोड़ी, रीवा, कटनी, घुनवारा, अनूपपुर ,भोपाल, व्यौहारी, मझगवां, उचेहरा, मैहर, अमरपाटन, सेमरिया, भरौली, बदेरा, उर्दनी, रौढ़, सिंहपुर छपरौड़ एवं बरही के बटुकजन शामिल रहे। व्रतबंध उपरांत सभी को भंडारा का प्रसाद ग्रहण करया गया।

### कार की ठोकर से सुरक्षा गार्ड की मौत

**कटनी।** कैमोर के एसीसी गेस्ट हाउस में ८ साल से सुरक्षा गार्ड की नौकरी करने वाले एक युवक की कार की ठोकर से दर्दनाक मौत की खबर है। बेकाबू कार ने सुरक्षा गार्ड को मौत के घाट उतारने के बाद अन्य वाहनों को भी ठोकर मारकर क्षति पहुंचाई। पुलिस ने उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक 30 वर्षीय राघवेंद्र सिंह सुरक्षा गार्ड की नौकरी करने एसीसी आया था। उसे गेस्ट हाउस में तैनाती मिली। जीएम बंगले के पास स्थित पुराने सेंट्रल स्कूल वाली बिल्डिंग में वह अन्य कर्मचारियों के साथ रहता था। कल रात उसकी ड्यूटी बैंक ऑफ बड़ौदा वाले एरिए में थी तभी तेज रफ्तार कार ने उसे जोरदार ठोकर मारकर मौत की नींद सुला दिया। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पुलिस ने आरोपी कार चालक रंजीत सरदार को गिरफ्तार कर लिया है।

### सुंदरलाल गुप्ता का निधन



**कटनी।** नई बस्ती निवासी पत्रकार संजय गुप्ता एवं कसौंधन वैश्य समाज के अध्यक्ष दर्शन गुप्ता, कोषाध्यक्ष संतोष गुप्ता, प्रशांत गुप्ता सत्यनारायण गुप्ता के पिता मृदुभाषी मिलनसार सुंदरलाल गुप्ता का शनिवार की शाम अस्वस्थता के चलते देहावसान हो गया। वे 88 वर्ष के थे और पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। शनिवार शाम अचानक स्वास्थ्य बिगड़ने पर उन्हें धर्मलोक हास्पिटल ले जाया गया, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक व्याप्त हो गया। बड़ी संख्या में शोक संवेदना व्यक्त करने शुभचिंतकों और स्नेहीजनों ने निवास पर पहुंचकर शोक जताया। उनकाअंतिम संस्कार रविवार को बनारस में मां गंगा के तट मणिकर्णिका घाट में किया गया।

### गोलापटी के युवा अग्निवीर सुनील सिंह ट्रेनिग करके पहली बार गांव पहुँचने पर हुआ भव्य स्वागत

**दमोह।** दमोह जिले के एक छोटे से ग्राम गोलापटी के युवा अग्निवीर सुनील सिंह ट्रेनिग करके पहली बार गांव पहुँचे। इस दौरान अग्निवीर श्री सिंह का ग्राम आने की खुशी में माता-पिता, ग्राम में हर्षोल्लास का माहोल रहा। दमोह जिले के एक छोटे ग्राम गोलापटी से यह पहले युवा हैं, जिनका चयन अग्निवीर में हुआ। युवा अग्निवीर की इस उपलब्धि में विशेष मार्गदर्शन शिक्षक भरत अहिरवार का विशेष मार्गदर्शन रहा।

# लमतरा में तीन फैक्ट्रियों में लगी भीषण आग

### 4 से 5 करोड़ की क्षति का अनुमान

### करीब 30 फेरे लगाकर दमकल वाहनों ने तड़के 4 बजे बुझाई आग



**कटनी।** औद्योगिक क्षेत्र लमतरा स्थित तीन फैक्ट्रियों में लगी आग पर तड़के 4 बजे काबू पाया जा सका। प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों की मौजूदगी में 30 दमकल वाहनों ने पानी की बौछारों से दहकते शोलों को ठंडा किया। इस अग्नि दुर्घटना ने दशकों पहले शहर के मध्य में हुए गोलबाजार अग्निकांड की याद ताजा कर दी। कृष्णा इंडस्ट्रीज तो पूरी तरह खाक हो गई, जबकि सुभाष एंड कंपनी और पीपी बैग फैक्ट्रियों में भी तगड़ा नुकसान हुआ है। प्राथमिक रूप से तीनों फैक्ट्रियों में मिलाकर करीब ढाई करोड़ की क्षति का अनुमान प्रशासन को है, लेकिन फैक्ट्री संचालकों ने 4 से 5 करोड़ की क्षति आंकी है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक शाम 4 बजे के बाद धुंआ उठने लगा और जब तक कोई कुछ समझ पाता, देखते ही देखते आग के शोले उठने लगे। घंटे बीतने के साथ कई किलोमीटर दूर से उस इलाके का आसमान काला नजर आने लगा। आसपास के लोग इस भीषण अग्निकांड से दहशत में आ गए। खबर मिलते ही सक्रिय हुए कलेक्टर और एसपी पूरी स्थिति पर नजर रख रहे थे, जबकि एसडीएम और सीएसपी ने मैदानी मोर्चा संभाला। आग बुझाने के लिए नगर निगम के फायर दस्ते के अलावा एसीसी, आर्डिनेंस फैक्ट्री, बरही, विजयराघवगढ़ और कैमोर नगर परिषदों के वाहन के साथ सिहोरा और जबलपुर से भी दमकल गाड़ियां बुलानी पड़ी। जाहिर है अगर इतनी तत्परता न दिखाई जाती तो आग और भी व्यवसायिक इकाइयों को अपने आगोश में ले लेती और तब मंजर इससे भी भयावह होता।

शनिवार शाम चाका स्थित लमतरा इंडस्ट्रियल एरिया में थर्माकोल फैक्ट्री में अचानक भीषण आग लग गई। आग ने समीप स्थित बारदाना फैक्ट्री को भी अपनी चपेट में ले लिया। खबर मिलते ही आनन-फानन पुलिस और प्रशासन का अमला सक्रिय हुआ। नगर निगम सहित आसपास से बुलाई गए फायर बिग्रेड वाहनों से शाम से लेकर रात और तड़के तक आग पर काबू पाने के लिए मशक्कत की जाती रही। बताया जाता है कि लमतरा में संचालित थर्माकोल निर्माण कंपनी कृष्णा इंडस्ट्रीज, पीपी बैग ट्रेडिंग कंपनी एवं सुभाष इंडस्ट्रीज में आग भड़की। अज्ञात कारणों से भड़की आग ने जमकर तांडव मचाया। यह तो गनीमती रही कि समय रहते कर्मचारी बाहर आ गए और बड़ी अनहोनि टल गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि जिस दौरान थर्माकोल फैक्ट्री में आग भड़की, उस दौरान कर्मचारी कंपनी के अंदर मौजूद थे। अपने-अपने काम में लगे हुए थे। जैसे ही एक कर्मचारी ने देखा तो शोर मचाना शुरू हुआ तभी सभी 8 कर्मचारी सुरक्षित बाहर निकल आए। इस अग्निकांड से कितना नुकसान हुआ, इसका ठीक-ठीक अनुमान तो नहीं लगाया जा सका है। फिर 4 से 5 करोड़ रुपए का नुकसान होने की आशंका है। जानकारी के अनुसार इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित सुभाष इंडस्ट्रीज में थर्माकोल बनाने का कार्य किया जाता है। अज्ञात कारणों से आग भड़की, जिससे मशीनरी, उपकरण, रॉ मटेरियल सहित कीमती सामग्री जलकर खाक हो गई है। इसी प्रकार सुभाष एंड कंपनी रोहित होतबानी की पीपी बैंग, बारदाना आदि का काम होता था। शनिवार शाम करीब पांच बजे फैक्ट्री में अचानक आग भड़क गई। कुछ ही देर में आग ने भीषण रूप ले लिया और समीप स्थित प्रकाश आहूजा की बारदाना फैक्ट्री में भी आग लग गई। आगजनी की जानकारी लगते ही एसडीएम प्रदीप मिश्रा, सीएसपी नेहा पच्चीसिया, कुठला टीआई राजेंद्र मिश्रा टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

#### घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया

वाहन प्रभारी शैलेंद्र दुबे ने बताया कि खबर मिलते ही फायर ब्रिगेड वाहन लेकर वे मौके परर पहुंचे तो यहां कां मंजर देखने लायक था। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशकर कर आग पर काबू पाना शुरू किया। लगभग 3 घंटे की मेहनत के बाद आग को 50 फीसदी आग पर काबू किया। जब नगर निगम के दमकल वाहन कम पड़ गए तो कैमोर एसीसी और सिहोरा से दमकल वाहन मंगाया गया। सभी वाहनों के कर्मचारी जवान की बाजी लगाते हुए आग को बुझाने में जुटे रहे। नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे ने बताया कि नगर निगम के पांच फायर बिग्रेड वाहन सहित अन्य निकाय से वाहन बुलवाकर आग बुझाने के प्रयास किए गए।

#### फायर ब्रिगेड में चढ़ गईं सीएसपी

बेकाबू आगजनी को देखकर हर लोगों की सांस फूलने लगीं थीं। आग लगातार भयंकर रूप ले रही थी। दमकल कर्मचारी आग को बुझाने जूझ रहे थे। इसी दौरान सीएसपी नेहा पच्चीसिया फायर ब्रिगेड पर चढ़ गईं और दमकल कर्मियों को यह डायरेक्शन देती रहीं कि कहां पर पानी का छिड़काव किया जाए, जिससे आग जल्दी नियंत्रित हो सकती है।

#### खुद आग बुझवाने में जुटे एसडीएम

आग का कोहराम इतना भयंकर था कि जो भी देख रहा था, रोंगटे खड़े हो जा रहे थे। इस दौरान एसडीएम प्रदीप मिश्रा घटना की भयावहता को देखते हुए खुद फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों के साथ जुटे और हर पल मार्गदर्शन देकर आग को बुझवाने में सक्रिय भूमिका दिखाते दिखे। लगातार वरिष्ठ अधिकारियों को संपर्क कर आगजनी की कम कराने के प्रयास में जुटे रहे। एसडीएम प्रदीप मिश्रा ने बताया कि दोनों ही फैक्ट्रियों में जब आग भड़की तो आग की लपटें बड़ी दूर-दूर तक जा रहीं थीं। आगजनी इतनी तेज थी कि खतरा आसपास की इंडस्ट्री में भी बढ़ गया।

#### पल-पल की अपडेट लेते रहे कलेक्टर-एसपी

आग भड़कने की घटना से हड़कंप मच गया। इस घटना की में इंतजामों व सुरक्षा को लेकर कलेक्टर दिलीप यादव, एसपी अभिनव विश्वकर्मा लगातार अपडेट लेते रहे। कलेक्टर ने भयंकर आग को देखते हुए नगर परिषद कैमोर, विजयराघवगढ़, एसीसी फैक्ट्री कैमोर से भी वाहन भेजने के निर्देश दिए। एसडीएम प्रदीप मिश्रा से भी हर पल की जानकारी लेते रहे व इंतजामों के निर्देश दिए। एसपी अभिनव विश्वकर्मा भी सीएसपी, थाना प्रभारी से घटना केसंबंध में क्षेत्र में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।

# महाराणा प्रताप वार्ड में बनेगी सड़क महापौर ने किया भूमिपूजन

### शासन के सहयोग से नगर में विकास कार्यो का सिलसिला अनवरत जारी-महापौर



**कटनी।** उपनगरीय क्षेत्र अंतर्गत आने वाले महाराणा प्रताप में राधास्वामी सत्संग व्यास पहुंच मार्ग में लगभग 15.98 लाख रुपए की लागत से कराए जाने वाले डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन रविवार को पूर्ण विधान विधान एवं हर्षोल्लास पूर्ण माहौल के बीच संपन्न हुआ। इस अवसर पर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी नें पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी एवं राधास्वामी सत्संग भवन के सेकेट्री अनिल गोविंदानी सहित निगम के पार्षदों एवं सत्संग भवन से जुड़े सिंधी समुदाय के श्रद्धालुओं के साथ कुदाली चलाकर डामरीकरण कार्य के शुभारंभ की नींव रखी। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान एमआईसी सदस्य एवं क्षेत्रीय पार्षद तुलसा गुलाब बेन, सुरेन्द्र गुप्ता, डॉ रमेश सोनी, गोविंद चावला, पार्षद शकुंतला सोनी, रेखा संजय तिवारी पूर्व पार्षद राजू माखीजा सहित काफी संख्या में सिंधी समुदाय के गणमान्य नागरिकों, श्रद्धालुओं की मौजूदगी रही।

#### बहुप्रतिक्षित मांग पूर्ण होने पर महापौर ने दी बधाई

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य शासन सहित खजुराहो लोकसभा के लोकप्रिय सांसद विष्णु दत्त शर्मा के सहयोग से नगर के प्रत्येक वार्ड में विकास कार्यों का सिलसिला जारी है जो आगे भी निरंतर जारी रहेगा। इसी क्रम में आज राधास्वामी सत्संग भवन पहुंच मार्ग के डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन आप सभी के सहयोग से संपन्न हुआ। जिसके लिए आप सभी बधाई के पात्र है। इस सड़क निर्माण की मांग काफी लंबे समय से की जा रही थी। स्थल पर डामरीकरण कार्य पूर्ण हो जाने से सत्संग भवन में आनें जाने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर आवागमन की सुविधा मिल सकेगी।

#### जोरदार स्वागत कर दिया धन्यवाद

कार्यक्रम के दौरान बड़ी सौगात मिलनें पर सत्संग भवन के श्रद्धालुओं द्वारा महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, स्थानीय पार्षद तुलसा गुलाब बेन एवं निगम के जनप्रतिनिधियों का शाल श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ से जोरदार स्वागत किया जाकर सड़क डामरीकरण की सौगात के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

#### महापौर नें लिया सत्संग का पुण्यलाभ

इसके पूर्व श्रद्धालुओं को सौगात देने पहुंची महापौर श्रीमती सूरी द्वारा राधास्वामी सत्संग भवन में आयोजित हो रहे सत्संग का पुण्य लाभ परिसर में उपस्थित अन्य श्रोता श्रद्धालुओं के बीच बैठक अर्जित किया।

#### इनकी रही मौजूदगी

कार्यक्रम के दौरान सर्वश्री घनश्यामदास पाहूजा, विजय चांदवानी, सुरेश लालवानी, सोनू मनवानी, राजा रंगलानी, हेमंत छावड़ा, आकाश मंगलानी, नरेश रत्नानी, राजेश जेतवानी, आयुष गोगा, इंद्रजीत नागवानी, सलिल गोगवानी सहित मातृ शक्ति श्रीमती ज्योति टोपनानी, रेनू आहूजा, रितु रंगलानी, वर्षा तख्तानी, मीनू पमनानी, कंचन छावड़ा सहित काफी संख्या में सिंधी समुदाय के भक्तों एवं नगर निगम के प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, उपयंत्री अश्विनी पांड्ये एवं निर्माण एजेंसी एस.एन. कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्रतिनिधि की मौजूदगी रही।

# सहिलरा के गरीब आदिवासियों को बेघर करना अमानवीय कृत्य



**मैहर।** वर्षों की मेहनत, संघर्ष और पसीने से सींची गई जमीन जिन्हें आदिवासी परिवारों ने जीवन की अंतिम पूँजी मानकर सहेज कर रखा था वह प्रशासन की एक कार्रवाई के साए में तबाह होने की कगार पर है। सहिलरा गांव के आदिवासी परिवार जिनकी पीढ़ियों ने इस धरती के टुकड़ों को संजोया अब उस अधिकार से वंचित किए जा रहे हैं जो उन्हें बरसों पूर्व कांग्रेस की दिग्विजय सिंह सरकार द्वारा वैध रूप से सौंपा गया था। यह भूमि केवल मिट्टी नहीं बल्कि उन सपनों की बुनियाद है जिन्हें आदिवासी परिवारों ने रचा और जिया। अब प्रशासन द्वारा यदि किसी शासकीय योजना अथवा कॉलोनी निर्माण का मन बनाया गया है तो प्रश्न उठता है कि क्या इन निर्धन परिवारों की छाती पर बुलडोजर चलाना ही एकमात्र विकल्प है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी ने इस अन्याय के विरुद्ध मोर्चा संभालते हुए कहा कि सरकार यदि सच में विकास चाहती है तो सहिलरा के आसपास की सैकड़ों एकड़ शासकीय भूमि पर अपनी योजनाएं लागू करे जहाँ रसूखदारों के अवैध कब्जे वर्षों से जमे हुए हैं। पर गरीब आदिवासियों के सिर से छत छीनना अमानवीय कृत्य है और कांग्रेस इसे किसी भी कीमत पर नहीं होने देगी। ग्रामवासियों की पुकार पर सहिलरा पहुँचे प्रभात द्विवेदी ने कहा कि कांग्रेस आदिवासियों के अधिकार की यह लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक लड़ेगी।

# जिला लोधी क्षत्रिय समाज की मासिक बैठक लोधी भवन संपन्न



**दमोह।** जिला लोधी क्षत्रिय समाज की मासिक बैठक का आयोजन जिला अध्यक्ष श्री भाव सिंह लोधी की अध्यक्षता में किया गया जिसमें सर्व प्रथम वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी जी के छाया चित्र पर पूजा अर्चना दीप्रजवलन एवं माल्यार्पण कर बैठक की शुरुआत की गई जिसमें संगठन के विस्तार सहित सामाजिक, शैक्षणिक सांस्कृतिक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई जिसमें जिला अध्यक्ष श्री भाव सिंह ने बताया कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति के सहयोग की अपेक्षा से निरंतर कार्य कर रहा हु तथा सामाजिक कुरीतियों को बंद करने हेतु युवाओं को प्रेरित कर उनको रोजगार से जोड़ने का प्रयास है। तथा आज मासिक बैठक में कार्यकारणी के विस्तार हेतु। सूचियां जमा की गई तथा सामाजिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक विषयों पर विस्तार से चर्चा की। दादा उमराव सिंह जी ने सामाजिक संगठन को पंचायत स्तर तक विस्तारित करने की बात कही दादा बहादुर सिंह जी ने समाज की बहुमूल्यता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बड़ी संख्या में समाज के लोग है सबको एक जुट होकर सामाजिक संगठन की शक्ति को बढ़ना चाहिए तथा हमारे महापुरुषों की जीवनी का अनुसरण करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर सामाजिक बंधुओ द्वारा समाज सशक्त एवं समृद्ध कैसे बने इस विषय पर बारी बारी से अपनी बात रखी कार्यक्रम में उपस्थित .श्री पूरन सिंह आचार्य जी श्री लक्ष्मण सिंह श्री हाकम सिंह श्री दी. चंद्रभान सिंह श्री भूपेंद्र सिंह जी श्री राजकुमार सिंह जी श्री खिलान सिंह जी श्रीमति हेमेन्द्र ठाकुर श्री जागेश्वर सिंह लोधी देवेंद्र सिंह शिक्षक परम सिंह इंद्र जीत सिंह हेमंत ठाकुर ऋभु ठाकुर अमर सिंह चित्तर सिंह एड राघवेंद्र सिंह पूरन सिंह की उपस्थिति रही मंच का संचालन श्री त्रिपाल सिंह जी नें किया।

# 40 लाख रुपये के मंत्री श्री लोधी ने किए भूमिपूजन



**दमोह।** जबेरा विधानसभा अंतर्गत जनपद तेंदूखेड़ा के ग्राम हर्रई में 25 लाख एवं बैलढाना रैयत में 15 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले सामुदायिक भवन का स्थानीय विधायक धर्मेंद्र सिंह लोधी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने भूमिपूजन किया है। मंत्री श्री लोधी ने कहा कि निश्चित ही इस भवन के निर्माण से ग्राम के लोगों को सामाजिक कार्यों के लिए उपयुक्त साबित होगा ।मैनें देखा है गांव के लोगों को विवाह शादी करने में बहुत परेशानी होती है ।क्योंकि पहले के समय में गांव के स्कूलों में बारात रुक जाती थी। लेकिन अब बारात के लिए स्कूल मिलना बंद हो गए है। इसलिए मैनें संकल्प लिया कि विधानसभा के प्रत्येक ग्राम में एक सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाएं जिससे शादी विवाह के साथ अन्य सामाजिक कार्य संपन्न हो सके। अभी तक विधानसभा में ऐसे 40 भवनों की स्वीकृती हो चुकी और आने वाले समय में और भवनों की स्वीकृत प्रदान की जाएगी। अधिकारियों को एवं ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी भवनों का निर्माण उच्च्व गणवत्ता के साथ किया जाए क्योंकि सरकार ने राशि पर्याप्त दी है अगर किसी प्रकार से कोई लापरवाही सामने आती है तो मुझे सूचित करें ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगणों सहित बड़ी संख्या में ग्राम वासियों की उपस्थिति रही।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जाकिर हुसैन वार्ड के मुक्तिधाम एवं उद्यान परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न

### महापौर ने नीम का पौधा रोपकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

### हरियाली ही हमारी विरासत है : महापौर

**कटनी।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आव्हान पर प्रदेश स्तर पर चलाएं जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर पालिक निगम कटनी द्वारा नगर में आयोजित किए जा रहे पौधारोपण कार्यक्रम के तहत रविवार को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने डॉ जाकिर हुसैन वार्ड स्थित शिवधाम उद्यान एवं मुक्तिधाम परिसर में नीम एवं अशोक का पौधा रोपकर प्रकृति के प्रति अपने उत्तरदायित्व को निभाया। कार्यक्रम में मेयर इन काउंसिल सदस्य डॉ रमेश सोनी, सुरेंद्र गुप्ता, गोविंद चावला, स्थानीय पार्षद रेखा संजय तिवारी, शकुंतला सोनी सहित समाजसेवी कमल केवट, नीलिमा झा एवं काफी संख्या में स्थानीय नागरिकों की मौजूदगी रही। कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती सूरी ने लोगों से पौधारोपण को अपना संस्कार बनाने की अपील करते हुए कहा कि वृक्षों के बिना



जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। वृक्ष न केवल हमें प्राण वायु देते है बल्कि अनेक वन्य जीवों व पक्षियों को आसरा देने के साथ ही पर्यावरण संतुलन बनाने में भी सहयोग करते है।

महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि हरियाली ही हमारी विरासत है। इसकी परिकल्पना को साकार करने तथा वायु की शुद्धता को बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करने का भी आव्हान महापौर ने उपस्थित जनों से किया।

इसके पूर्व महापौर श्रीमति सूरी द्वारा निगम के जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर कई प्रजाति के फलदार एवं फूलदार वृक्षों का रोपण उद्यान एवं मुक्तिधाम परिसर में किया जाकर इनके उचित देखरेख करने के निर्देश निगम के उद्यान विभाग के अधिकारियों को दिए।

पौधारोपण कार्यक्रम में सत्यदेव द्विवेदी, गोविंद प्रसाद हल्दकार, अशोक ग़हूरे, हाजी साबिर अली, मुन्ना कोल, शत्रुघन कोल, रहमत उल्ला, रवि मिश्रा, दिनेश मिश्रा सहित मातृ शक्ति संगीता मेहरा, बकरीदा बेगम , रामकली बाई, राधा केवट,भावना पाण्डेय,रूपा पटेल, मंजू प्यासी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों तथा स्थानीय लोगों की मौजूदगी रही।

